Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding fee structure of Allahabad University

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश का 'ऑक्सफोर्ड' कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की तरफ ले जाना चाहती हूं, जहां पिछले लगभग 100 दिनों से छात्र आंदोलन कर रहे हैं । वहां पर एक ऐसे कुल सचिव की नियुक्ति कर दी गई है, जो तानाशाह है और जिसने स्टूडेंट्स से मिलना तक जरूरी नहीं समझा । वहां बच्चे संघर्ष कर रहे हैं, आंदोलन कर रहे हैं । वे उनसे मिल कर अपनी समस्या बताना चाह रहे हैं, लेकिन कुलसचिव जी के पास इतना समय नहीं है कि वे उनसे मिल सकें ।

सर, मैं चाहती हूं कि आपसे एक निर्देश प्राप्त हो, जिससे वहां की स्टूडेंट्स की फीस की वृद्धि में कमी की जाए और उसी अनुपात में एस.सी./एस.टी., ओबीसी और ईडब्ल्यूएस की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी की जाए और ज़ीरो बैलेंस पर एडमिशन किया जाए ।

सर, इसी तरह के आंदोलन उत्तर प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में, जैसे बी.एच.यू., पूर्वांचल और आज़मगढ़ के महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में भी जारी हैं । केन्द्र और राज्य, दोनों में आपकी सरकार चल रही है । मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इसमें हस्तक्षेप करें और गरीब, शोषित, वंचित छात्रों की मांगों को पूरा करें । महोदय, मैं एक और समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी ।… (व्यवधान) आज़मगढ़ के महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में अभी बी.एड. की काउंसलिंग कराई गई, जिसमें लिखित परीक्षा और प्रैक्टिकल में कम नम्बर्स दिए गए । अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में वहां के छात्रों को काफी कम अंक प्राप्त हुए हैं, जिससे छात्रों ने महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों में एडमिशन नहीं लिए हैं । इसके कारण हजारों सीट्स खाली रह गई हैं ।… (व्यवधान)